Reg. No. : ......................................

Name : ...........................................

# FY-305

## FIRST YEAR HIGHER SECONDARY MODEL EXAMINATION – 2021

Part – II

**HINDI**

Maximum : 80 Scores

Time : 2½ Hours

Cool-off time : 20 Minutes

*सामान्य निर्देश :*

- प्रश्न वाचन और चिंतन के लिए 20 मिनट का समय है ।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें ।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें ।
- सूचना के अनुसार वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

**सूचना : 1 से 8 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 4 के उत्तर लिखें ।** **(4 × 1 = 4)**

1. 'अनुताप' किस विधा की रचना है ?

2. 'जुलूस' नाटक के किसी एक पात्र का नाम लिखें ।

3. 'मधुऋतु' किसकी कविता है ?

4. 'प्रभुता से प्रभु दूरि' – प्रभुता से कौन दूर हो जाता है ?

5. 'जिस पर अंकित हैं आँसू, थकान विश्राम और प्रेम की स्मृतियाँ' – किस पर ?

6. संभ्रांत महिला किस गाड़ी से यात्रा कर रही थी ?

7. 'हेमा' किस कहानी का पात्र है ?

8. 'आदमी भी क्या अनोखा जीव होता है ।' – यह किसने कहा ?

**सूचना : 9 से 14 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर लिखें । (3 × 2 = 6)**

9. पत्थर की बैंच पर बैठकर बच्चा क्या कर रहा है ?

10. रिक्शे से उतरकर यात्री अपराधी की भाँति सिर झुकाए चल रहा था – क्यों ?

11. दुख में सुमिरन सब करै, सुख में करै न कोय ।

    जो सुख में सुमिरन करै, तो दुख काहे होय ।। – इस दोहे का तत्त्व क्या है ?

12. 'भागो सूखे तिनको' – 'सूखे तिनको' से क्या तात्पर्य है ?

13. वृद्ध संभ्रांत महिला फल और फूलों के बीज क्यों फेंक रही है ?

14. 'अपराध' कहानी में पिताजी ने बड़े भाई को मारा । क्यों ?

**सूचना : 15 से 24 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 5 के उत्तर लिखें ।** **(5 × 6 = 30)**

15. कवितांश की आस्वादन–टिप्पणी लिखें ।

आशा से अंकुर झूलेंगे

  पल्लव पुलकित होंगे,

मेरे किसलय का लघुभव यह,

  आह, खलेगा किनको ?

16. ये कथन पढ़ें और 'इब्राहिम अली' के चरित्र पर टिप्पणी लिखें ।

- वापस तो हम न जाएँगे ।
- हम दूकानें लूटने या मोटरें तोड़ने नहीं निकले हैं……
- हमारा मकसद इससे कहीं ऊँचा है !

17. बुरा जो देखन मैं चला, बुरा न मिलिया कोय ।

जो दिल खोजौं आपना, मुझ–सा बुरा न कोय ।। – इस दोहे का भावार्थ लिखें ।

18. जीवन–वृत्त के आधार पर 'चित्रा मुद्गल' के बारे में एक अनुच्छेद लिखें ।

| जीवन–वृत्त | | |
|---|---|---|
| नाम | : | चित्रा मुद्गल |
| जन्म | : | 10 दिसंबर, 1944 |
| प्रमुख रचनाएँ | : | गिलिगडु, आवाँ, भूख, लपटें, एक ज़मीन अपनी |
| पुरस्कार | : | इंदुशर्मा कथा सम्मान |
| | | उत्तरप्रदेश साहित्य भूषण |

19. पात्र और घटनाओं का मिलान करें :

| घटना | | पात्र |
|---|---|---|
| यात्रियों को टिकट देना | – | बूढ़ा आदमी |
| आम की गुठलियाँ बोना | – | बैंक का क्लर्क |
| सुंदर लिपि में लिखना | – | टिकट बाबू |

20. कवितांश का आशय लिखें ।

इस पत्थर की बैंच के लिए भी
शुरू हो सकता है किसी दिन
हत्याओं का सिलसिला
इसे उखाड़ कर ले जाया
अथवा तोड़ा भी जा सकता है ।

21. अंग्रेजी संवाद का हिंदी में अनुवाद करें ।

(homework – गृहकार्य, finished – पूरा किया)

Ram : Hello Joseph, Did you finish the homework ?

Joseph : Yes, I finished.

Ram : Did Rahim help you ?

Joseph : Yes, What about you ?

Ram : Yes, I finished it last night itself.

22. "उन थोड़े-से शब्दों द्वारा उस क्लर्क के जीवन में किंचित मात्रा भी क्यों न हो, सुख तो पहुँचा सका ।"

लेखक अपनी आत्मकथा में इसका वर्णन करता है । वह आत्मकथांश तैयार करें ।

23. बच्चे की माँ और दिलीप, दोनों के मुँह से निकलते हैं – 'भूख नहीं है ।' दोनों के सामाजिक परिप्रेक्ष्य में इस कथन की विवेचना करके टिप्पणी लिखें।

24. 'कहना नहीं आता' कविता के आधार पर 'हाशिष्कृत नारी' विषय पर एक लेख तैयार करें ।

- परिवार में नारी का शोषण
- समाज में नारी का उत्पीड़न
- अपने अधिकारों के प्रति सचेत

**सूचना : 25 से 34 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 5 के उत्तर लिखें ।** **(5 × 8 = 40)**

25. खंड का संक्षेपण करें और उचित शीर्षक दें ।

एक बार मैं बैंक में अपना हिसाब खोलने के लिए गया । क्लर्क मुझसे सवाल पूछता जाता था और पासबुक में दर्ज करता था । मैंने देखा, उसके अक्षर दरअसल बहुत अच्छे हैं । मैंने फौरन कहा, "ज़रा पासबुक दिखाइए तो, आपकी लिपि बहुत सुंदर दिखती है ।" और उसे नज़दीक से देखकर मैंने कुछ मन ही मन और ज़ोर से कहा, "ब्यूटीफुल !" उस क्लर्क का चेहरा प्रसन्नता से खिल उठा ।

26. "कल आपको दफ़्तर पहुँचाकर लौटा तो पेशाब बंद हो गया था, अस्पताल ले जाते समय उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया था.....।" यात्री असलम की मृत्यु की खबर सुनकर दफ़्तर पहुँचता है और अपनी सहेली से बातें करता है । यात्री और सहेली के बीच का वार्तालाप तैयार करें ।

27. जब गरीब विद्यार्थी 20 डॉलर लौटाने के लिए फ्रैंकलीन के पास गया तब उन्होंने कहा 'आप इसे अपने ही पास रखिए और जब आपके पास कोई ऐसा ज़रूरतमंद आए तो उसे यह दे दीजिए ।' गरीब विद्यार्थी की उस दिन की डायरी तैयार करें ।

28. 'वह किसी अपराधी की भाँति सिर झुकाए रिक्शे के साथ-साथ चल रहा था ।' यात्री असलम की मृत्यु की खबर सुनकर पश्चात्ताप से विवश होकर घर पहुँचता है और अपने मित्र को एक पत्र लिखता है । वह पत्र तैयार करें ।

29. आपके विद्यालय के हिंदी क्लब (Hindi Club) द्वारा 15 अगस्त 'स्वतंत्रता दिवस' पर देशप्रेम से संबंधित स्किट (Skit) प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है । इसके लिए उचित पोस्टर तैयार करें ।

30. मान लें, प्रकृति संरक्षण से प्रेरणा पाकर पौधों की एक नर्सरी (Plant Nursery) खुल रही है । रंग-बिरंगे फल-फूलवाले पौधों की उस नर्सरी के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार करें ।

31. सूचकों के आधार पर 'समाज में मज़दूरों का शोषण' विषय पर एक निबंध तैयार करें ।

- समाज में मज़दूरों का स्थान
- मज़दूरों का शोषण
- कानून की अज्ञता
- शिक्षा का अभाव

32. सही मिलान करें :

| | | |
|---|---|---|
| File | – | रद्द करें |
| Save | – | अंतर्जाल |
| Share | – | संचिका |
| Trash | – | खोज |
| Input | – | सहेजें |
| Search | – | कूड़ेदान |
| Cancel | – | साझा करें |
| Internet | – | अंतर्पात |

33. 'डेंगु' की रोकथाम (Prevention) के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (PHC) की ओर से की गई कार्रवाइयों की जानकारी प्राप्त करने के लिए सार्वजनिक सूचना अधिकारी स्वास्थ्य विभाग, केरल के नाम एक सूचना अधिकार पत्र तैयार करें ।

34. किसी एक मनपसंद फिल्म की समीक्षा करें ।

- कथा सार
- निदेशक की क्षमता
- पात्रों का अभिनय
- समग्रता

---